पहली नजर

फागोत्सव मनाती महिलाएं। (छाया: पंजाब केसरी)

जैन महिला महासमिति ने मनाया फागोत्सव

केकड़ी, (मुकेश नायक): श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति संभाग केकड़ी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लॉकडाउन में की गई प्रतियोगिताओं के पारितोषिक वितरण किए गए। इस मौके पर महासभा की ओर से फागोउत्सव मनाया गया। फागोत्सव में फाग के गीतों पर महिलाओं ने अबीर गुलाल व फुलों के संग जमकर होलली खेली। तंबोला गेम आयोजित किया गया तथा फागुन की रानी का चयन किया गया। महासभा अध्यक्ष नीता गदिया ने बताया कि तंबोला गेम में निधि पांड्या, इंदिरा चौधरी, नीतू रांटा, मधु लता गदिया, संजू जैन, नीलम गदिया, मोना टोंग्या, आशा सोनी विजेता रहे। गदिया ने बताया कि फागुन की रानी का खिताब सुनीता पाटनी ने जीता।

घर में घुसे कोबरा सांप से सहमे लोग

पुष्कर, (अजयसिंह सिसोदिया): पुष्कर के समीपवर्ती ग्राम बांसेली में तुलसीराम अजमेरा के मकान में जहरीला कोबरा सांप घुस गया। रात्रि में परिवारवालों ने घर में पांच फीट लंबा काला सांप देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने स्नेक रेस्क्यू टीम को इसकी सूचना दी। नागरिक सुरक्षा के सदस्य स्नेक रेस्क्युवर किशन गोपाल जाट, अमरचंद सांखला व अशोक अजमेरा मौके पर पहुंचे। कोबरा सांप घर के चौक में रखी टायल्स के पीछे छुपा हुआ था। घर के सभी लोग डर से भयभीत होकर बाहर निकले हुए थे। नागरिक सुरक्षा के जवानों ने 15 मिनट की मशक्कत के बाद कोबरा सांप को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

एक्स-रे करवाने आए ग्रामीण की जेब से 7 हजार रुपए पार

भीलवाड़ा,(मुकेश राठी):एँजिले के महात्मा गांधी चिकित्सालय में निजी सिक्यूरीटी कंपनी के गार्ड तैनात होने के बावजूद जेबतराशी की घटनाएं नहीं थम रही है। ताजा घटना एक्स-रे रूम के बाहर हुई, जहां एक ग्रामीण की जेब से उचक्के सात हजार रुपए उड़ा ले गए। इस वारदात से ग्रामीण की मुसीबत बढ़ गई। जानकारी के अनुसारए पंडेर निवासी हीरा पुत्र जगदीश सोमवार को एक्स-रे करवाने भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल आया था। दोपहर एक बजे कमरा नंबर 42 स्थित एक्स-रे रुम के बाहर उसकी जेब से किसी ने 7 हजार रुपए निकाल लिए।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर घायल

केकड़ी, (मुकेश नायक): केकड़ी-भीलवाड़ा मार्ग छोटा शाहपुरा के निकट मंगलवार की दोपहर में एक बोलेरो गाड़ी ने मोटरसाइकिल की टक्कर मार दी जिससे दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मोटर साइकिल पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोफ्यिा का खेड़ा निवासी कालूराम मोटरसाइकिल पर सवार होकर केकड़ी की तरफ आ रहा था इसी दौरान छोटा शाहपुरा के निकट तेज गति में आ रही बोलेरो कार ने मोटरसाइकिल की टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी गंभीर थी की 35 वर्षीय मोटरसाइकिल चालक सोफिया का खेड़ा निवासी कालूराम पुत्र लादूराम मीणा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही 35 वर्षीय सोफ्यिा का खेड़ा निवासी राजेश पुत्र रंजीत मीणा, नॉर्थ पुत्र छोटू दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गए।

बाबा हरनामदास का वार्षिकोत्सव मनाया

अजमेर (दिलीप शर्मा): माया ज्ञान ज्योति उदासीन आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन बाबा हरनामदास के 62वें वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में संत माता कला निरंजन शाह दरबार की लाजवन्ती जयसिंधानी ने मुहिंजो गुरू त गुरून जो पीर आ जहिंजी संगत त खण्ड ऐं खीर आहृ... भजन सुनाते हुए कहा कि गुरु के समान दुनिया में कोई भी अन्य सच्चा सहायक नही होता है। इस अवसर पर श्री अखिल भारतीय वेदान्त प्रचार मण्डल के संत स्वामी देवेन्द्रानन्द सागर ने कहा कि प्रभु का नाम जपा कर जपा कर हरि ओम सोहम रटा कर रटा हरि ओम सोहम देवेन्द्रानन्द सागर ने कहा कि यह ही जीवन का सागर है।

मंसूरी महासभा की बैठक आयोजित

केकड़ी, (मुकेश नायक): मंसूरी समाज की महासभा की बैठक यहां कादेड़ा रोड़ स्थित पेटल मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में समाज में व्याप्त कुरितियों को मिठाने व सामुहिक विवाह सम्मेलन, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर चारों चौखला के समाज के पंचनों ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सदर अब्दुल अजीज खिलजी, सचिव अब्दुल सत्तार, नायब सेकेट्री अब्दुल वहाब को बनाया गया है। इस मौके पर नवीन कार्यकारिणी का सामज के लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

डोडा-चूरा तस्करी में काम ली गई पिकअप का मालिक गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (मुकेश राठी):एँफीम डोडा-चूरा तस्करी के काम ली गई पिकअप के मालिक को मंगलवार को बागौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बागौर थाना प्रभारी छोटूलाल ने बताया कि 11 फरवरी को मांडल थाना पुलिस ने मांडल तिराहा पुलिस चौकी के बाहर नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप में सब्जी के खाली कैरेट की ओट में 14 कट्टों में छिपाकर रखा 301 किलो डोडा-चूरा बरामद कर चालक को दबोचते हुए एस्कॉर्ट करने वाली कार को जब्त किया और दो लोगों को पकड़ा था। इनमें पिकअप चालक बन्याखेड़ा, प्रतापगढ़ निवासी रंगलाल जबकि कार में सवार प्रवीण कुमार निवासी मरजीवी व मुकेश सिंह निवासी चारणखेड़ी, चित्तौडगढ़ को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने तफ्तीश के बाद इस मामले में पिकअप मालिक कालूराम पुत्र बजेराम मीणा निवासी नरेला, धरियावद, प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है।

नगर निगम का 3 अरब 49 करोड़ का बजट पारित

पहली साधारण सभा में वार्ड 60 से 80 होने पर भी पिछले वर्ष की तुलना में कम मिला बजट

निगम की साधारण सभा में उपस्थित पार्षदगण व अपनी बात रखते पार्षद महेंद्र सिंह रलावता। (छाया: पंजाब केसरी)

अजमेर (दिलीप शर्मा): नगर निगम की पहली साधारण सभा मंगलवार को जवाहर रंग मंच पर हंगामे के बीच सम्पन्न हुई। भाजपा कांग्रेस के पार्षदों ने बजट को लेकर कई सवाल उठा, इसके बावजूद 3 अरब 49 करोड़ का वित्तीय वर्ष के लिए बजट आपत्तियों के साथ स्वीकृत कर दिया गया। 2020-21 में 3 अरब 65 करोड़ का बजट पारित किया गया था। इस वर्ष अजमेर नगर निगम में कुल 80 वार्ड है। जबकि पिछली बार कुल 60 वार्ड थे। फिर भी इस बार 2020-21 की तुलना में इस बार 16 करोड रुपए कम है। इसके पीछे विभिन्न कार्यों में आय कम होना बताया जा रहा है।

महापौर बृज लता हाडा की अध्यक्षता में पहली बार आयोजित हुई साधारण सभा में नवनिर्वाचित पार्षदों ने उत्साह के साथ भाग लिया। वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित किए गए बजट को लेकर भाजपा व कांग्रेसी पार्षदों ने कई सवाल खड़े किए बजट में रखे गए आय व व्यय के मदो को लेकर पार्षदों ने चीफ अकाउंट ऑफिसर की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाया मेयर ब्रज लता की ओर से संपूर्ण मामले पर अधिकारी से जवाब तलब करने पर पार्षदों ने प्रस्तावों पर अपने सुझाव रखें पार्षदों की ओर से सुझाए गए मुद्दों के अनुसार वित्तीय वर्ष के बजट स्वीकृति दी गई।

पार्षद द्रोपदी देवी कोली ने निगम की संचालित बसों के किराया का मुद्दा, विवाह समारोह स्थल पंजीयन, अतिक्रमण व सामुदायिक भवन तथा निगम की आय को लेकर सहित अनेक मुद्दों को उठाया। साधारण सभा के दौरान अनुकंपा नियुक्ति करने, परिवीक्षा पूरी होने पर कर्मचारियों को नियमित करने, डोर-टूर-डोर कचरा संग्रहण के टेंपों की सख्याॲबढाने, राशि के भुगतान व मकानों पर होर्डिंग लगाने की दरों में इजाफा करने, अरबन टैक्स की वसूली एजेंसी से कराने, कंप्यूटर पर संविदा से कार्य कराने सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की।

बिना निगम की स्वीकृति के डाल दी गैस पाइप लाइन

शहर में गैस पाइपलाइन डालने के कार्य को लेकर साधारण सभा में पार्षदों ने कई सवाल खड़े किए निगम के पूर्व उपआयुक्त वर्तमान में कांग्रेस के पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता ने कहा कि जब वे अधिकारी थे तब उन्होंने गैस पाइपलाइन डालने कंपनी को लगभग डेढ़ करोड़ रुपए रोड कटिंग के जमा कराने के लिए नोटिस दिया था, लेकिन उसके बावजूद कोई राशि जमा नहीं हुई। उन्होंने जब पार्षद के रूप में इस बात की जानकारी निगमसे मांगी, वही सभा के दौरान पार्षदों के सवालों के जवाब में अधिकारियों ने बताया की गैस पाइपलाइन डालने के लिए अभी तक निगम ने कोई स्वीकृति जारी नहीं की है, जबकि इसके लिए अलग-अलग पत्रों के माध्यम से 12 करोड़ जमा कराने के डिमांड पत्र जारी किए गए हैं कंपनी द्वारा कोई शुल्क जमा नहीं कराया गया है। रलावता ने निगम की आय को बढावा देने के लिए पुरानी संपत्तियों काम में लेने व बंद पड़े चुंगी नाकों की सुध लेने सहित कई सुझाव दिए और मुद्दे उठाए।

साधारण सभा में डिप्टी मेयर नीरज जैन, आयुक्त खुशाल यादव, पार्षद ज्ञान सारस्वत, देवेन्द्र सिंह शेखावत, भारती श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र चौहान, राजेन्द्र राठौड, कुंदन वैष्णव, बनवारी लाल शर्मा व नौरत गुर्जर, श्याम प्रजापति व नरेश सत्यावना सहित अनेक भाजपा व कांग्रेस तथा निर्दलीय पार्षद मौजूद रहे।

नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

अजमेर, (दिलीप शर्मा): हाथी खेड़ा स्थित अटल सेवा केन्द्र में मंगलवार को सामाजिक न्याय एवंअधिकारिता विभाग, मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार की नेशनल,एक्शन फॉर डंग डिमाण्ड रिडक्शन योजना के अर्न्तगत अपना थियेटर संस्थान, अजमेर ने एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव एव बिमारियों के बारे में जानकारीयां दी गई। पावर पॉइंट प्रजेंट टेंशन आईईसी सामग्री मॉडल डेमोंसट्रेशन एवं मास्टर ट्रेनर के माध्यम से लोगों को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गांजा से दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। साथ ही उपस्थित प्रतिभागियों ने किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ लेते हुए विश्वास दिलाया कि वह जानकारी अपने परिवार मित्रों एवं आमजन में पहुंचाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में अपना थिएटर संस्थान के सचिव योबी जॉर्ज, सरपंच, वार्ड पंच, ग्रामसेवक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, एएनएम सहित ग्राम पंचायत के कार्यकर्ता एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की कड़ी में बुधवार को दौराई एवं सिलोरा ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

तीसरे चरण के टीकाकरण के लिए लोगों में उत्साह

शाहपुरा-भीलवाड़ा, (भैरु लाल लक्षकार): राजकीय सेटेलाइट हॉस्पिटल शाहपुरा में कोविड-19 से बचाव के लिए तीसरे चरण का टीकाकरण हो रहा है। डॉ. अमित गुप्ता ने आमजन से अपील की है कि जो 60 वर्ष से अधिक एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे व्यक्ति जो गंभीर रोग से संक्रमित हैं या नही उनका कोविड-19 टीकाकरण किया जा रहा है। अपने परिवार जन जो 60 साल से ऊपर हैं तथा अपने क्षेत्र में रहने वाले समस्त वरिष्ठ नागरिकों को कोविड-19 टीकाकरण करवाने के लिए सेटेलाइट हॉस्पिटल शाहपुरा में लाएं एवं अन्य लोगों को भी आने के लिए प्रेरित करें। यह टीकाकरण कोविड-19 से बचाव का उपाय है।

गुलाबपुरा वार्ड-8 में जीती भाजपा

गुलाबपुरा, (टीकम हेमनानी): नगरपालिका के वार्ड 8 के मंगलवार को घोषित परिणाम में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी महादेव जाट ने कांग्रेस की ममता कंवर शेखावत को 21 वोटों से पराजित कर जीत हासिल की। कुल पड़े मतों 533 में से महादेव जाट को 276 मत और शेखावत को 255 वोट मिले। दो मत नोटा में गए। नवनिर्वाचित पार्षद जाट को निर्वाचन अधिकारी एसडीएम विकास मोहन भाटी ने शपथ ग्रहण करवाई। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी की जीत की सूचना से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर छा गई।

कार्यकर्ताओं ने पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धनराज गुर्जर नव निर्वाचित पार्षद महादेव जाट नगरपालिका उपाध्यक्ष एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सावर नाथ योगी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

बस का इंतजार कर रहे युवक से 25 ग्राम स्मैक बरामद

भीलवाड़ा, (मुकेश राठी): सुभाषनगर थाना पुलिस ने 25 ग्राम स्मैक के साथ जोधपुर जिले के एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बस स्टैंड पर औचक निरीक्षण के दौरान इस युवक को तब धर दबोचा, जब वह जोधपुर जाने के लिए रोडवेज बस स्टैंड पर बस की इंतजार कर रहा था। सुभाषनगर थाना प्रभारी पुष्पा कासौटिया ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड पर आकस्मिक चैकिंग के लिए गए। जहां एक युवक संदिग्ध हालत में बस की इंतजार करता मिला। पुलिस ने संदेह के आधार पर उससे पूछताछ की। युवक ने खुद को नाइयों का वास, बोयलए जौधपुर निवासी दिलीप सैन बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो पेंट की जेब में स्मैक मिली, जिसका पुलिस ने वजन करवाया तो स्मैक 25 ग्राम पाई गई।

निजीकरण के विरोध में दूसरे दिन भी बैंकों के नहीं खुले ताले

कर्मचारियों ने वाहन रैली निकालकर जताया विरोध

अजमेर, (दिलीप शर्मा): बैंकों के निजीकरण के विरोध में दो दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को भी जिले की 180 शाखाओं के ताले नहीं खुले। बैंककर्मियों ने शहर में वाहन रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। वाहन रैली में एक हजार दुपहिया वाहनों के साथ लगभग 13 सौ बैंककर्मी सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि निजीकरण के जरिए सरकार आपका रुपया निजी हाथों में सौंप रही है। इससे ग्राहकों को मिलने वाली सुविधाएं महंगी होंगी। इसके पहले बैंक कर्मचारी शहीद स्मारक बजरंगगढ़ चौराहा पर एकत्रित हुए। इसके बाद जेएलएन अस्पताल अजमेर क्लब होते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, जहां वित्त मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में केन्द्र सरकार से निजीकरण को रोकने की पूरजोर मांग उठाई। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के संयोजक रवि कुमार वर्मा ने बताया कि रैली के दौरान लोगों को बैंकों के निजीकरण से होने वाले नुकसान को बताया गया। इधर दो दिनों की बैंक हड़ताल से 500 करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केन्द्र सरकार ने उनकी मांग पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। दो दिन की बैंकों की हडताल के बाद बुधवार से बैंकों में सामान्य कामकाज होगा।

कार्यालय पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र अजमेर

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के निकट, पुष्कर बाइपास रोड अजमेर
दूरभाष संख्या 0145-2310830
ई-मेल principalptcajmer@rajasthan.gov.in

क्रमांक-पंप्रके/अज/लेखा/उपापन/2021/224 दिनांक-5.3.21

बोली आमंत्रित करने की संक्षिप्त सूचना संख्या 1/2021-22

निम्नांकित के उपापन की वार्षिक दर संविदा हेतु बोलियां दिनांक 01.04.2021, 1:00 पी.एम. तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	उपापन की वार्षिक दर संविदा की विषय वस्तु	अनुमानित लागत (रूपये)	बोली प्रतिभूति	बोली प्रपत्र लागत (रूपये)	बोली खोलने की दिनांक एवं समय
1	प्रशिक्षणार्थियों हेतु भोजन व्यवस्था	500000	वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 18.12.2020 के अनुसार बिड प्रतिभूति घोषणा पत्र प्रस्तुत करना है।	250/-	05.04.2021 1:00 पी.एम.

UBN : PGV2021SSOB00013

बोली प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 8.03.2021 से दिनांक 31.03.2021 तक किसी भी कार्य दिवस पर 11:00 ए.एम. से 3:00 पी.एम. तक नकद राशि के भुगतान पर क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत विवरण बोली प्रपत्र में लिखित होंगे। उपापन की वार्षिक दर संविदा की विषय वस्तु के न्यूनतम मूल्य तथा/अथवा मात्रा की गारंटी नहीं होगी।

आचार्य
DIPR/C/2662/2021 Date-10/3/2021 पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र अजमेर

कार्यालय कप्तान दुर्गा प्रसाद चौधरी कृषि उपज मण्डी समिति, अनाज अजमेर

टेली न. 0145-2440718 0145-2440593

क्रमांक 1438-50 दिनांक 10.03.2021

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति अनाज, अजमेर द्वारा वर्ष 2021-22 दिनांक (01.04.2021 से 31.03.2022) तक निम्न लिखित व्यवस्थाओ को ठेके पर दिये जाने हेतु मोहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है।

कम संख्या	ठेके का नाम व विवरण	धरोहर राशि	निविदा फार्म शुल्क	निविदा फॉर्म विक्रय की दिनांक	निविदा प्रस्तुत करने की दिनाक	निविदा खोलने की दिनांक व समय
1	मुख्य मण्डी प्रगांण अनाज अजमेर, व गौण मण्डी यार्ड पीसांगन व नसीराबाद की विद्युत रखरखाव व्यवस्था ठेका (बंद निविदा)	2400/-	200/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 1.00 बजे
2	चौकीदारी व्यवस्था ठेका मुख्य मण्डी यार्ड अनाज अजमेर (बंद निविदा)	19000/-	500/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 3.00 बजे
3	चौकीदारी व्यवस्था ठेका गौण मण्डीयों अजमेर (बंद निविदा)	19000/-	500/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 3.15 बजे
4	अजमेर मुख्य मण्डी यार्ड (अनाज) अजमेर की सम्पूर्ण सफाई-सुलभ शौचालय की सफाई, ब्लॉक वाईज बने टाईलेट एवं यूरिनल की सफाई आवारा जानवरो को मण्डी यार्ड सें बाहर भगाने का कार्य (स्वय के साधनो से) (बंद निविदा)	16000/-	500/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 1.00 बजे
5	सफाई ठेका गौण मण्डी यार्ड नसीराबाद मे सफाई करना नालियो की सफाई तथा समस्त कचरे को मण्डी याड्र से बाहर फेकने संबधी समस्त कार्य (स्वय के साधनो से) (बंद निविदा)	3000/-	500/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 1.00 बजे
6	सफाई ठेका गौण मण्डी यार्ड पीसांगन मे सफाई करना नालियो की सफाई तथा समस्त कचरे को मण्डी यार्ड से बाहर फेकने संबधी समस्त कार्य (स्वय के साधनो से) (बंद निविदा)	3000/-	500/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 1.00 बजे
7	बागवानी कार्य ठेका मुख्य मण्डी (अनाज) अजमेर (कार्यालय के बाहर) (बंद निविदा)	3000/-	500/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 1.00 बजे
8	किसान कलेवा योजना (बंद निविदा)	10000/-	200/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 1.00 बजे
9	रिम्स प्रोजेक्ट के तहत कम्पयूटर विथ मैन चार व्यक्ति (बंद निविदा)	12000/-	500/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 1.00 बजे
10	क्योस्क केन्टीन प्रथम व द्वितीय मुख्य मण्डी अनाज अजमेर (खुली बोली नीलामी)	10000/-	200/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 साय 5.00 बजे
11	गौण मण्डी यार्ड नसीराबाद मे कार्यालय कार्य हेतु ठेके मे एक व्यक्ति रखा जाना हैं समय प्रातः 09:30 से सांय 06:00 बजे तक (कार्यालय आफिस खोलना बंद करना डाक वितरित करना सांफ सफाई करना एंव अन्य कार्य प्रभारी के निद्रेशानुसार करना) (बंद निविदा)	1800/-	200/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 1.00 बजे
12	मुख्य मण्डी अनाज अजमेर मे कार्यालय कार्य हेतु ठेके मे दो व्यक्ति रखा जाना हैं समय प्रातः 09:30 से सांय 06:00 बजे तक (कार्यालय आफिस खोलना बंद करना डाक वितरित करना सांफ सफाई करना एंव अन्य कार्य प्रभारी के निद्रेशानुसार करना) (बंद निविदा)	3000/-	200/-	22.03.2021 को सुबह 11.00 बजे तक	22.03.2021 को सुबह 12.00 बजे तक	22.03.2021 दोपहर 1.00 बजे

शर्तः-

1. बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. निविदाओ को स्वीकृत/अस्वीकृत/रदद् करने का सम्पूर्ण अधिकार लोक उपापन समिति को होगा।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4. सुरक्षा एंव चौकीदारी कार्य हेतु राजस्थान सरकार के सैनिक कल्याण विभाग द्वारा रजिस्टर्ड सहकारी समिति ही निविदा प्रस्तुत कर सकेगी एंव रजिस्टर्ड एंव मान्यता प्राप्त सहकारी समिति द्वारा **इस मण्डी समिति मे संविदा पर केवल भूतपूर्व सैनिक को ही सुरक्षा चौकीदारी कार्य हेतु रखा जायेगा।** सहकारी समिति को राजस्थान सरकार के सैनिक कल्याण विभाग द्वारा समस्त निर्देशो की पालना करनी होगी एंव सहकारी समिति को रेस्पर ऐक्ट का अनुज्ञापत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
5. बिना हस्ताक्षरयुक्त निविदा एंव कांट छांट व ओवर राईटिंग की गयी निविदाये स्वीकार नही की जायेगी।
6. निविदा हेतु निर्धारित दिंनाक को राजकीय अवकाश होने पर अगले दिन कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।
7. निर्धारित प्रारुप, नियत समय एंव तारीख के बाद निविदाये स्वीकार नही होगी।
8. आधार कार्ड/पेन कार्ड की छाया प्रति संलग्न करनी होगी।
9. निविदा संबधी जानकारी व शर्ते किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय मे आकर देखी जा सकती है।
10. राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर निविदा सबंधी जानकारी यथा फार्म व शर्ते उपलब्ध है जिन्हे अपलोड कर देखा जा सकता है तथा डाउनलोड किये फार्मो का शुल्क व सबंधित निविदा की धरोहर राशि डिमान्ड ड्राफट द्वारा मण्डी कार्यालय में जमा करवायी जाना आवश्यक है। जो सचिव कृषि उपज मण्डी समिति अनाज अजमेर के नाम देंय होगी।

NIB Code:- DAM2021A0443
राज.संवाद/सी/20/11057 प्रशासक सचिव

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India

www.centralbankofindia.co.in Build a better life around us.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा बिजयनगर, पीपली चौराहा, जिला अजमेर फोन: 8696930607

अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 9 एवं 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का भौतिक/सांकेतिक कब्जा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है"** के आधार पर नीचे वर्णित बकायों की वसूली हेतु विक्रय किया जायेगा। ऋणियों/प्रतिभूत लेनदार की संपत्तियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है। आरक्षित मूल्य एवं जमा धरोहर राशि रूपये का विवरण नीचे दिया गया है।

ऋणीयों, सह-आवेदकों एवं जमानतदारों का नाम व पता	संपत्ति का पता	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की दिनांक एवं समय
श्री रतनलाल दरोगा पुत्र श्री माधु दरोगा एवं सहऋणी श्री हरिसिंह पुत्र श्री रतनलाल दरोगा निवासी इन्दिरा कॉलोनी सामुदायिक भवन के पास, बिजयनगर जिला अजमेर। सेन्ट मार्गेज ऋण खाता सं. 3957240115	श्री रतनलाल दरोगा के स्वामित्व में साम्यिक बंधक भूमि/भवन जो मौजा तारों का खेड़ा, ग्राम बिजयनगर, खसरा नं. 3993 का भाग, पटवार हल्का, बिजयनगर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 540 वर्गफीट, जिसकी सीमा निम्न प्रकार है- उत्तर: प्लॉट नं. 84, दक्षिण: रोड़, पूर्व: प्लॉट नं. 87, पश्चिम: प्लॉट नं. 85	दिनांक 12.11.2018 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि रूपये 11,46,219/- (रूपये ग्यारह लाख छियालिस हजार दो सौ उन्नीस मात्र) दिनांक 12.11.2018 + आगे का ब्याज व खर्च अतिरिक्त	आरक्षित मूल्य: रू. 6,90,000/- जमा धरोहर राशि: रू. 69,000/ बोली वृद्धि राशि: रू. 10,000/-	दिनांक 05.04.2021 समय: प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट असिमित समयावृद्धि के साथ)
श्रीमती मंजू नागोरा पत्नी श्री दिनेश कुमार वर्मा एवं श्री दिनेश कुमार वर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण वर्मा केयर ऑफ श्री रामदेव साहू, निवासी शर्मा कॉलोनी, चौसला बिजयनगर, जिला अजमेर। सेन्ट मार्गेज ऋण खाता सं. 3989626306	श्रीमती मंजू नागौरा पत्नी श्री दिनेश कुमार वर्मा प्लॉट नं. 89, खसरा नं. 3948 एवं 3993 का पश्चिम भाग, नेहरू कॉलोनी, तारों का खेड़ा, चौसला, बिजयनगर में स्थित, जिसका क्षेत्रफल 467.00 वर्गफिट, जिसकी सीमा निम्न प्रकार है- उत्तर: रोड़, दक्षिण: प्लॉट नं. 91 (गजराज खटीक), पूर्व: प्लॉट नं. 89 का पूर्वी भाग, पश्चिम: प्लॉट नं. 90 श्रीमती आशा	दिनांक 21.11.2018 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि रूपये 11,08,486/- (रूपये ग्यारह लाख आठ हजार चार सौ छियासी मात्र) दिनांक 21.11.2018 + आगे का ब्याज व खर्च अतिरिक्त	आरक्षित मूल्य: रू. 6,43,000/- जमा धरोहर राशि: रू. 65,000/ बोली वृद्धि राशि: रू. 10,000/-	दिनांक 05.04.2021 समय: प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट असिमित समयावृद्धि के साथ)
श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार बैरवा निवासी खारी का लाम्बा, तहसील हुरडा, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान), गृह ऋण खाता 3952570454 एवं सेन्ट ओडी टोप अप खाता 3613941747	श्रीमती संतोष देवी के स्वामित्व में आवासीय संपत्ति जो प्लॉट नं. 5, वार्ड नं. 2 बैरवा मौहल्ला, पुराना जोरावरपुरा, गुलाबपुरा तहसील हुरडा, जिला भीलवाड़ा में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1350 वर्गफिट है। जो कि श्रीमती संतोष देवी बैरवा के नाम से है। चर्तु: सीमा- उत्तर: रूक्मा बंजारा की संपत्ति, दक्षिण: रोड़, पूर्व: वेदराज बैरवा की संपत्ति, पश्चिम: रोड़	दिनांक 01.06.2019 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि रूपये 27,98,518/- (रूपये सत्ताईस लाख अठ्यान्वे हजार पांच सौ अठारह मात्र) दिनांक 01.06.2019 + आगे का ब्याज व खर्च अतिरिक्त	आरक्षित मूल्य: रू. 17,11,000/- जमा धरोहर राशि: रू. 1,71,100/- बोली वृद्धि राशि: रू. 10,000/-	दिनांक 05.04.2021 समय: प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट असिमित समयावृद्धि के साथ)
(1) मै. अमित ब्रिक्स प्रो. श्री रामदेव बैरवा पुत्र श्री गोकल बैरवा पता- रूपपुरा चौराहा, शिवनगर रोड़, कानिया, तहसील हुरड़ा, जिला भीलवाड़ा एवं ऋणी श्री रामदेव बैरवा पुत्र श्री गोकल बैरवा, बैरवा मोहल्ला वार्ड नं. 19, गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा।	श्री रामदेव बैरवा पुत्र श्री गोकल बैरवा के स्वामित्व में कानिया की औद्योगिक सम्पत्ति (ईंट भट्टा) खसरा नं. 2143/1 ग्राम कानिया, तहसील हुरड़ा, जिला भीलवाड़ा, रकबा 2 बीघा 10 बीस्वा मे से औद्योगिक परिवर्तित भूमि, क्षेत्रफल 3562 वर्गफिट, जिसकी सीमा निम्न प्रकार है- उत्तर: खसरा नं. 2145 एवं 2142, दक्षिण: खसरा नं. 2144, पूर्व: रोड़, पश्चिम: रोड़।	दिनांक 30.11.2018 एवं दिनांक 29.11.2018 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि रूपये 35,99,073/- (रूपये पैंतीस लाख निन्यान्वे हजार तेहत्तर मात्र) दिनांक 30.11.2018 व 29.11.2018 + आगे का ब्याज व खर्च अतिरिक्त	आरक्षित मूल्य: रू. 15,00,000/- जमा धरोहर राशि: रू. 1,50,000/- बोली वृद्धि राशि: रू. 10,000/-	दिनांक 05.04.2021 समय: प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट असिमित समयावृद्धि के साथ)
(2) श्री देवेन्द्र बैरवा पुत्र श्री रामदेव बैरवा, बैरवा मोहल्ला वार्ड नं. 19, गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा, एवं सहऋणी नं. 1 श्री रामदेव बैरवा पुत्र श्री गोकल बैरवा एवं नं. 2 श्रीमती दिव्या बैरवा पत्नी श्री देवेन्द्र बैरवा, बैरवा मोहल्ला वार्ड नं. 19, गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा। सेन्ट मार्गेज ऋण खाता सं. 3963647372 एवं 3963305393				
1. श्री महावीर प्रसाद मेवाड़ा पुत्र सूरजमल मेवाड़ा, 2. श्रीमती अमरी देवी पत्नी श्री महावीर प्रसाद मेवाड़ा, 3. सुश्री उर्मिला कलाल पुत्री श्री महावीर प्रसाद मेवाड़ा, खाता सं. 3974464544	श्री महावीर प्रसाद मेवाड़ा के स्वामित्व में आवासीय संपत्ति प्लाट नं. 1, प्लॉट नं. 1 का हिस्सा, जो खसरा नं. 914 एवं 915 का पूर्वी हिस्सा है गुलाबपुरा, तहसील हुरडा, जिला भीलवाड़ा में स्थित है। क्षेत्रफल 82 वर्गगज है। सीमाएं- उत्तर: 30 फिट रोड़, दक्षिण: प्लॉट नं. 10, पूर्व: प्लॉट नं. 2, पश्चिम: प्लॉट नं. 1 का शेष भाग	दिनांक 30.12.2019 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि रूपये 8,51,247/- (रूपये आठ लाख इक्यावन हजार दो सौ सैंतालिस मात्र) दिनांक 30.12.2019 + आगे का ब्याज व खर्च अतिरिक्त	आरक्षित मूल्य: रू. 10,09,000/- जमा धरोहर राशि: रू. 1,00,900/- बोली वृद्धि राशि: रू. 10,000/-	दिनांक 19.04.2021 समय: प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट असिमित समयावृद्धि के साथ)
1. श्रीमती अमरी देवी पत्नी श्री महावीर प्रसाद मेवाड़ा, 2. श्री महावीर प्रसाद मेवाड़ा पुत्र सूरजमल मेवाड़ा, खाता सं. 3956562938	श्रीमती अमरी देवी के स्वामित्व में आवासीय संपत्ति प्लाट नं. 6, शास्त्री नगर, जो खसरा नं. 923/4704/2 एवं 915 का हिस्सा है गुलाबपुरा, तहसील हुरडा, जिला भीलवाड़ा में स्थित एवं क्षेत्रफल 1348.5 वर्गफिट है। सीमाएं- उत्तर: आम रास्ता, दक्षिण: प्लॉट नं. 7, पूर्व: आम रास्ता, पश्चिम: प्लॉट नं. 5	दिनांक 30.12.2019 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि रूपये 13,29,946/- (रूपये तेरह लाख उनतीस हजार नौ सौ छियालिस मात्र) दिनांक 30.12.2019 + आगे का ब्याज व खर्च अतिरिक्त	आरक्षित मूल्य: रू. 23,35,000/- जमा धरोहर राशि: रू. 2,33,500/- बोली वृद्धि राशि: रू. 10,000/-	दिनांक19.04.2021 समय: प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट असिमित समयावृद्धि के साथ)

धरोहर राशि एवं केवाईसी दस्तावेज ई-नीलामी की दिनांक एवं समय से पूर्व ऑनलाईन जमा कराना सुनिश्चित करें।

उक्त संपत्ति की नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सर्विस प्रोवाईडर की वेबसाईट https://www.mstcecommerce.com पर की जायेगी। बोलीदाता दी गई वेबसाईट https://www.mstcecommerce.com पर अपना रजिस्ट्रेशन केवाईसी दस्तावेजों को अपलोड करके एवं वेरिफिकेशन के बाद अपना रजिस्ट्रेशन करा लेवें एवं बोली में भाग लेने हेतु ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में 10% प्रतिशत धरोहर राशि जरिये NEFT के माध्यम से जमा करानी होगी। विक्रय की नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु बैंक की वेबसाईट www.centralbankofindia.co.in या नीलामी प्लेटफार्म https://www.mstcecommerce.com का सदर्भ लेवें एवं हैल्पलाई नं. 033-22901004 या शाखा में प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

सरफैसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत 30/15 दिवस की वैधानिक विक्रय सूचना

ऋणीयों/जमानतदारों को उपरोक्त वर्णित राशि का नियत तिथि तक ब्याज एवं सहायक खर्चों के साथ ई-नीलामी की दिनांक से पूर्व भुगतान करने हेतु सूचित किया जाता है जिसमें चूक होने पर सम्पत्ति नीलाम/बेच दी जायेगी तथा बकाया राशि यदि कोई है तो ब्याज लागत के साथ वसूल की जायेगी।

दिनांक: 17.03.2021 स्थान: बिजयनगर, अजमेर प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

कैमिकल टैंकर ने बाइक को लिया चपेट में, मासूम बेटे की मौत

माता-पिता घायल बाल-बाल बची बेटी

भीलवाड़ा, (मुकेश राठी): अजमेर हाइवे स्थित ईरांस चौराहे पर केमीकल टैंकर ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दस साल के एक बालक की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता घायल हो गए। वहीं एक बालिका उछल कर दूर गिरने से बाल-बाल बच गई। बालिका को कोई चोट नहीं आई। घायल दंपती को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

रायला थाने के हैडकांस्टेबल उमराव ने बताया कि फूलिया थाने के राज्यास गांव निवासी हिम्मत सिंह राजपूत अभी रायला स्थित मॉर्डन मिल में चौकीदारी करता है। सिंह परिवार सहित रायला थाने के पीछे कॉलोनी में किराए से रहता है। सिंह, पत्नी नंदभंवर कंवर, बेटे राजवीर (10) व बेटी रींकू (13) के साथ बाइक पर रायला से अपने गांव के लिए रवाना हुआ।

चारों रायला से तीन किलोमीटर आगे ईरांस चौराहा स्थित सुखवाल गेस्ट हाउस के सामने पहुंचे थे कि भीलवाड़ा से अजमेर की ओर जा रहे कैमिकल टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। भिड़ंत के चलते रींकू उछल कर दूर जा गिरी, लेकिन उसको कोई चोट नहीं आई। जबकि राजवीर व इसके माता-पिता घायल हो गए। इन सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां राजवीर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दंपती को भर्ती कर लिया गया। हादसे की सूचना पर रायला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जानकारी लेते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाने ले गई। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

सड़क हादसे में घायल एमआर ने अस्पताल में तोड़ा दम: जिले के मंगरोप थाना इलाके में तीन दिन पहले सड़क हादसे का शिकार हुए एमआर ने मंगलवार को शहर के निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बता दें कि हादसे में एमआर की पत्नी भी चोटिल हुई थी। दंपती को हमीरगढ़ से लौटने के दौरान मंडपिया स्टेशन क्षेत्र में गलत दिशा में आई ट्रैक्टर-ट्रॉली ने चपेट में ले लिया था। मंगरोप थाने के हैडकांस्टेबल सत्यनारायण ने बताया कि माली मोहल्लाए पुर निवासी नंदराम (32) पुत्र रामलाल माली एमआर था। वह तीन दिन पहले ट्यूर पर हमीरगढ़ गया था। नंदराम की पत्नी किरण पहले से हमीरगढ़ में थी। लौटते समय नंदरामए पत्नी किरण को साथ लेकर बाइक से अपने घर जाने के लिए रवाना हुआ। गलत दिशा से आई और दंपती को चपेट में ले लिया।

बुजुर्ग महिला की करंट लगने से मौत: जिले के खैराबाद गांव की एक बुजुर्ग महिला की खेत पर मोटर बंद करते समय करंट लगने से मौत हो गई। एमजीएच चौकी सूत्रों के अनुसार खैराबाद निवासी सरजू (70) पत्नी गिरधारी बैरवा सोमवार को अपने खेत पर गई। जहां वह कुएं पर लगी मोटर बंद करने गई तो उसे करंट लगा। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए।

Ranthambhore Sevika Hospital
Vinayak Nagar, Sawai Madhopur
Notice

This is to inform you that General Indoor Medical record for the Year 2013-14 are being destroyed. Any person having an objection of the same many kindly contact the hospital within 30 days of the of notice.

By Order-Rupinder Kaur, Ed

गुलाबपुरा सड़क हादसाः एक और घायल ने तोड़ा दम, मृतकों की संख्या हुई 6

भीलवाड़ा, (मुकेश राठी): अजमेर-भीलवाड़ा हाइवे स्थित खारी नदी की पुलिया पर पिछले सोमवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे में घायल एक और युवक ने आज शाम शहर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 6 तक पहुंच गई।

गुलाबपुरा थाना प्रभारी सतीश मीणा ने बताया कि करेड़ा निवासी प्रभा दाधीच बीमार चल रही थी। उन्हें उपचार के लिए प्रभा की पौती पूजा का पति आर्यवृत्त कॉलोनी सांगानेर रोड निवासी हिमांशु जयपुर ले गया था। इनके साथ दो बेटियां, बहू सहित आठ लोग थे। पिछले सोमवार को जयपुर में डॉक्टर से परामर्श लेने के बाद ए सभी आठ लोग अल्टो कार से जयपुर से भीलवाड़ा लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे इनकी कार गुलाबपुरा में खारी नदी की पुलिया पर पहुंची थी कि अचानक ब्रेकर आने से कार चालक ने ब्रेक लगा, तभी पीछे से आया कंटेनर कार को जोरदार टक्कर मारता हुआ सड़क किनारे खाई में जा गिरा। इस भीषण हादसे में करेड़ा निवासी प्रभा दाधीचए इनकी बेटी किरण और बहू सत्यवती की मौत हो गई। 5 लोग घायल हो गए थे।

इनमें से ज्योति पत्नी तेजप्रकाश शर्मा निवासी बोहरा गणेश रोड़, उदयपुर को उदयपुरए जबकि आर्यवृत कॉलोनीए भीलवाड़ा निवासी वीनू पत्नी शुभम जोशी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। वीनू और ज्योति ने भी 11 मार्च को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 6 हो गई।